रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS
सीईएन - 04/2026 - जेई, डीएमएस, सीएमए - CEN - 04/2026 - JE, DMS, CMA

Test Date	02/11/2026
Test Time	9:00 AM - 10:30 AM
Subject / Exam Group	RRB JE DMS CMA CBT I

*** Note**
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.
2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.

Section : **RRB JE DMS CMA CBT I**

Q.1 दो क्रमागत सम प्राकृत संख्याओं के वर्गों का योगफल 3044 है। उन संख्याओं का योगफल ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 48
✓ 2. 78
✗ 3. 72
✗ 4. 60

Q.2 भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद, पंचायतों में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए सीटों के आरक्षण का विशेष रूप से अधिदेश (mandate) करता है?

Ans
✗ 1. अनुच्छेद 243-I
✗ 2. अनुच्छेद 243-G
✓ 3. अनुच्छेद 243-D
✗ 4. अनुच्छेद 243-C

Q.3 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित निम्नलिखित शृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?
KEG JDF ICE HBD ?

Ans
✗ 1. GBE
✗ 2. GAD
✓ 3. GAC
✗ 4. GBC

Q.4 **Which statement correctly demonstrates the Law of Constant Proportions when comparing two samples of water from different sources?**

Ans
✗ 1. The samples may have different elements due to their sources.
✓ 2. Both samples contain hydrogen and oxygen combined in the same mass ratio.
✗ 3. Each sample has a unique ratio of hydrogen to oxygen.
✗ 4. The amount of hydrogen is always greater, but the ratio can change.

Q.5 यदि प्रेक्षणों −10, −9, −8, −7, −6, −5, −4, −3, −2, −1, 0, 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9, और 10 का प्रसरण m है तथा प्रेक्षणों 10, 11, 12, 13, 14, 15, 16, 17, 18, 19, 20, 21, 22, 23, 24, 25, 26, 27, 28, 29, और 30 का प्रसरण n है, तो m + n का मान (दशमलव के एक स्थान तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 72.5
✗ 2. 70.3
✓ 3. 73.3
✗ 4. 74.5

Q.6 B, C, V, W, Y, और Z में से प्रत्येक ने अलग-अलग अंक प्राप्त किए हैं। V और B के बीच केवल दो व्यक्तियों ने अंक प्राप्त किए हैं। केवल एक व्यक्ति ने Z से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। Z और V के बीच केवल तीन व्यक्तियों ने अंक प्राप्त किए हैं। C ने Y से अधिक लेकिन W से कम अंक प्राप्त किए हैं। कितने व्यक्तियों ने V से अधिक अंक प्राप्त किए हैं?

Ans
- ✗ 1. चार
- ✗ 2. दो
- ✓ 3. पांच
- ✗ 4. तीन

Q.7 भारत के किस संविधान संशोधन अधिनियम द्वारा 6 से 14 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए शिक्षा के अधिकार को एक मौलिक अधिकार बनाया गया?

Ans
- ✓ 1. 86वां संशोधन
- ✗ 2. 97वां संशोधन
- ✗ 3. 61वां संशोधन
- ✗ 4. 44वां संशोधन

Q.8 खिलौनों की कोई दुकान ₹100 प्रति कार की दर से 20 कारें बेचती है और ₹150 प्रति कार की दर से 10 कारें बेचती है। बेची गई कारों का भारित औसत मूल्य ज्ञात कीजिए। (अपने उत्तर को दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित कीजिए।)

Ans
- ✗ 1. ₹120.44
- ✗ 2. ₹130.12
- ✓ 3. ₹116.67
- ✗ 4. ₹125.33

Q.9 उपकला ऊतकों का कौन-सा अभिलक्षण, बाह्य देह आवरण में जल हानि को रोकने की उनकी क्षमता को स्पष्ट करता है?

Ans
- ✗ 1. मुख्य रूप से स्राव के लिए विशेषीकृत (specialized) कोशिकाएं
- ✓ 2. न्यूनतम रिक्त स्थानों वाली संहत रूप से व्यवस्थित कोशिकाएं
- ✗ 3. पृष्ठ पर पक्ष्माभ (cilia) वाली कोशिकाएं
- ✗ 4. एकल परत में व्यवस्थित कोशिकाएं

Q.10 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

10 18 40 70 114 166 ?

Ans
- ✗ 1. 223
- ✓ 2. 232
- ✗ 3. 262
- ✗ 4. 226

Q.11 जंतु वर्गीकरण में पृष्ठरज्जु (notochord) की उपस्थिति या अनुपस्थिति एक महत्वपूर्ण मानदंड क्यों है?

Ans
- ✗ 1. यह कशेरुकी जीवों के लिए प्राथमिक भोजन स्रोत के रूप में कार्य करता है
- ✗ 2. यह कशेरुकी जीवों के लिए एक मुख्य परिसंचरण अंग के रूप में कार्य करता है
- ✓ 3. यह कशेरुकी जीवों को अकशेरुकी जीवों से अलग करने में सहायक होता है
- ✗ 4. यह जंतुओं के शरीर के आंतरिक तापमान को नियंत्रित करता है

Q.12 t = 0 s पर किसी पिंड का वेग 5 m/s है। इसका वेग-समय ग्राफ एक सरल रेखा है जिसकी प्रवणता 3 m/s^2 है। 8 s के पश्चात इसका वेग ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 19 m/s
- ✓ 2. 29 m/s
- ✗ 3. 34 m/s
- ✗ 4. 21 m/s

Q.13 निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, मानव शरीर से मूत्र के निष्कासन का सही शारीरिक मार्ग है?

Ans

✗ 1. वृक्क → मूत्रमार्ग → मूत्राशय → मूत्रवाहिनी

✗ 2. मूत्राशय → वृक्क → मूत्रवाहिनी → मूत्रमार्ग

✓ 3. वृक्क → मूत्रवाहिनी → मूत्राशय → मूत्रमार्ग

✗ 4. मूत्रवाहिनी → वृक्क → मूत्राशय → मूत्रमार्ग

Q.14 दो मित्र X और Y क्रमशः ₹132 और ₹230 की प्रारंभिक पूंजी के साथ एक व्यवसाय शुरू करते हैं। वर्ष के अंत में, व्यवसाय से ₹38,553 लाभ प्राप्त होता है। लाभ में X का हिस्सा ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ 1. ₹14,758

✗ 2. ₹14,088

✗ 3. ₹14,078

✓ 4. ₹14,058

Q.15 यदि '+' और '-' को परस्पर प्रतिस्थापित कर दिया जाए तथा 'x' और '÷' को परस्पर प्रतिस्थापित कर दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में '?' के स्थान पर क्या आएगा?
230 x 23 - 16 ÷ 13 + 23 =?

Ans

✗ 1. 175

✗ 2. 185

✓ 3. 195

✗ 4. 170

Q.16 7 अंकों की संख्या 34A711B, 4 से विभाज्य है। (A+B) का न्यूनतम मान ज्ञात कीजिए।

Ans

✓ 1. 2

✗ 2. 3

✗ 3. 7

✗ 4. 4

Q.17 भारत में रबी की फसलें, जिन्हें वृद्धि के समय शीत ऋतु और परिपक्वन के समय गर्म ऋतु की आवश्यकता होती है, इन्हें सामान्यतः किस अवधि में बोया जाता है?

Ans

✗ 1. अगस्त से सितम्बर

✓ 2. अक्टूबर से दिसम्बर

✗ 3. जून से जुलाई

✗ 4. मार्च से अप्रैल

Q.18 संधि पर कौन-सा संयोजी ऊतक, अस्थियों को अस्थियों से जोड़ने तथा अत्यधिक गति को नियंत्रित करने का कार्य करता है, जिससे अस्थियों की स्थानच्युति नहीं होती?

Ans

✗ 1. अस्थि (Bone)

✓ 2. स्नायु (Ligament)

✗ 3. उपास्थि (Cartilage)

✗ 4. कंडरा (Tendon)

Q.19 N, H की माता है। H, P की बहन है। D, V का पिता है। V, P का पति है। N का D से क्या संबंध है?

Ans

✓ 1. पुत्र की पत्नी की माता

✗ 2. पत्नी

✗ 3. पुत्र की पत्नी की बहन

✗ 4. पुत्री

Q.20 दो सायरन अलग-अलग आवृत्तियों की ध्वनियाँ उत्पन्न करते हैं। एक निम्न-आवृत्ति वाली ध्वनि उत्सर्जित करता है, जबकि दूसरा उच्च-आवृत्ति वाली ध्वनि उत्सर्जित करता है। कौन-सा सायरन, उच्चतर तारत्व उत्पन्न करेगा?

Ans

✗ 1. यदि दोनों सायरनों का आयाम बराबर हो तो वे समान तारत्व उत्पन्न करते हैं।

✗ 2. निम्न-आवृत्ति वाला सायरन, क्योंकि इसकी तरंगदैर्ध्य दीर्घ है।

✗ 3. निम्न-आवृत्ति वाला सायरन, क्योंकि यह अधिक प्रबल है।

✓ 4. उच्च-आवृत्ति वाला सायरन, क्योंकि तारत्व आवृत्ति पर निर्भर करता है।

black book

Q.21 निम्नलिखित संख्या, प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है। सभी संख्याएं एकल-अंकीय संख्याएं हैं।
(बाएं) 7 % 1 & 9 $ 4 Ω 3 @ 8 * 5 £ 6 & 2 # 9 (दाएं)
ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम संख्या है लेकिन ठीक बाद में एक सम संख्या नहीं है?

Ans
✗ 1. एक
✗ 2. तीन
✓ 3. दो
✗ 4. एक भी नहीं

Q.22 यदि दो संख्याओं का अनुपात 4 : 7 है, और उनका महत्तम समापवर्तक (HCF) 34 है, तो उनका लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ 1. 952
✗ 2. 984
✗ 3. 884
✗ 4. 816

Q.23 निम्नलिखित में से कौन-सा, एक-पदीय (one-step) ऑक्सीकरण अभिक्रिया का उदाहरण है?

Ans
✗ 1. $Zn + CuSO_4 \rightarrow ZnSO_4 + Cu$
✗ 2. $2KBr + Cl_2 \rightarrow 2KCl + Br_2$
✓ 3. $C + O_2 \rightarrow CO_2$
✗ 4. $2H_2 + O_2 \rightarrow 2H_2O$

Q.24 किसी निश्चित तर्क के अनुसार 16 का संबंध 240 से है। उसी तर्क के अनुसार, 21 का संबंध 420 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 30 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए, 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

Ans
✗ 1. 892
✗ 2. 812
✓ 3. 870
✗ 4. 845

Q.25 एक चतुर्भुज में PQ || RS है जहाँ SP और RQ असमांतर भुजाएँ हैं। M और N क्रमशः PS और QR के मध्य-बिंदु हैं। यदि PQ = 16 cm है और MN = 20 cm है, तो SR की लंबाई (cm में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 25
✗ 2. 27
✓ 3. 24
✗ 4. 22

Q.26 किसी समद्विबाहु त्रिभुज की बराबर भुजाएँ, तीसरी भुजा की लंबाई की दोगुनी हैं और इसका परिमाप 80 cm है, तो समद्विबाहु त्रिभुज का क्षेत्रफल कितना होगा?

Ans
✗ 1. $60\sqrt{15}\ \text{cm}^2$
✓ 2. $64\sqrt{15}\ \text{cm}^2$
✗ 3. $56\sqrt{15}\ \text{cm}^2$
✗ 4. $52\sqrt{15}\ \text{cm}^2$

Q.27 यदि संख्या 2453617 के प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ दिया जाए और प्रत्येक सम अंक से 2 घटा दिया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में बाईं ओर से तीसरे और दाईं ओर से दूसरे अंक का अंतर कितना होगा?

Ans
✓ 1. 4
✗ 2. 3
✗ 3. 2
✗ 4. 5

black book

Q.28 एक कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा गणित में प्राप्त अंकों का औसत 96 है। बालकों द्वारा प्राप्त अंकों का औसत, बालिकाओं द्वारा प्राप्त अंकों के औसत से 10% अधिक हैं। यदि बालकों की संख्या और बालिकाओं की संख्या का अनुपात 5 : 2 है, तो बालिकाओं द्वारा प्राप्त अंकों का औसत ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ 1. 89.6
✘ 2. 95
✘ 3. 89
✘ 4. 93.4

Q.29 भारत का प्रायद्वीपीय पठार मुख्य रूप से किस प्रकार की शैल संरचनाओं द्वारा निर्मित है?

Ans
✘ 1. समुद्री चूना पत्थर संस्तर (Marine limestone beds)
✔ 2. प्राचीन नाइस और ग्रेनाइट (Ancient gneisses and granites)
✘ 3. केवल नव ज्वालामुखीय बेसाल्ट चादरों (Fresh volcanic basalt sheets only)
✘ 4. नवीन अवसादी निक्षेप (Recent sedimentary deposits)

Q.30 संख्या 737937, निम्नलिखित में से किससे विभाज्य है?

Ans
✘ 1. 5
✘ 2. 10
✘ 3. 13
✔ 4. 3

Q.31 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

11 18 39 74 123 ?

Ans
✘ 1. 193
✔ 2. 186
✘ 3. 179
✘ 4. 212

Q.32 इस प्रश्न में, संख्याओं/प्रतीकों के समूह को निम्नलिखित कूट और दी गई शर्तों के अनुसार अक्षर कूट का उपयोग करके कूटबद्ध किया जाता है। शर्तों का अनुसरण करने वाले कूटों का सही संयोजन ही आपका उत्तर है। यदि एक भी शर्त का अनुसरण नहीं किया जाता है, तो संबंधित संख्या/प्रतीक के लिए कूट का सीधे उसी प्रकार अनुसरण किया जाना चाहिए जैसा कि तालिका में दिया गया है।

संख्या/प्रतीक % * 1 ? @ 3 $ 5 48

कूट C I V R F G O M L U

शर्तें –
(i) यदि पहला अवयव एक विषम संख्या है, तो पहले और अंतिम अवयवों के कूटों को परस्पर बदल दें।
(ii) यदि दूसरा और तीसरा अवयव, प्रतीक हैं, तो तीसरे अवयव को दूसरे अवयव के कूट के रूप में कूटबद्ध करें।
(iii) यदि चौथा अवयव एक प्रतीक है, तो चौथे और पांचवें दोनों अवयवों को © के रूप में कूटबद्ध करें।

संख्या-प्रतीकों के निम्नलिखित समूह के लिए कूट क्या है?
%*1?@

Ans
✘ 1. ©IVRF
✘ 2. CIV©F
✘ 3. CIGR©
✔ 4. CIV©©

Q.33 $\left[\frac{\text{cosec}A}{\text{cosec}A-1}+\frac{\text{cosec}A}{\text{cosec}A+1}\right]\times 3\text{tan}A\ \text{cosec}A$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. 3 secA
✘ 2. 6 $\tan^2 A$
✔ 3. 6 $\sec^3 A$
✘ 4. 3 tanA

blackbook

Q.34 जुलाई 2026 में प्रसिद्ध लेखिका शहरनुश पारसीपुर (Shahrnush Parsipur) के निधन के बाद, उनकी कौन-सी पुस्तक अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का केंद्र बन गई?

Ans
- ✗ 1. माय नेम इज रेड (My Name is Red)
- ✗ 2. दि बास्टर्ड ऑफ इस्तांबुल (The Bastard of Istanbul)
- ✗ 3. वुमेन एट पॉइंट जीरो (Woman at Point Zero)
- ✓ 4. वुमेन विदाउट मेन (Women Without Men)

Q.35 एक पैकेज स्प्रिंग-लोडेड प्लेटफॉर्म पर गिरता है। न्यूटन के तृतीय नियम के अनुसार, कौन-सा बलों का युग्म क्रिया-प्रतिक्रिया युग्म बनाता है?

Ans
- ✗ 1. पैकेज प्लेटफॉर्म पर नीचे की ओर धकेलता है, और गुरुत्व पैकेज को नीचे की ओर खींचता है।
- ✗ 2. प्लेटफॉर्म पैकेज को ऊपर की ओर धक्का देता है, और गुरुत्व पृथ्वी को नीचे की ओर खींचता है।
- ✓ 3. पैकेज प्लेटफॉर्म पर धक्का देता है, और प्लेटफॉर्म भी समान बल से पैकेज पर वापस धक्का देता है।
- ✗ 4. पृथ्वी पैकेज को नीचे की ओर खींचती है, और प्लेटफॉर्म पैकेज को समान बल से ऊपर की ओर धक्का देता है।

Q.36 ₹14,700 को तीन भागों में इस प्रकार विभाजित कीजिए कि पहले भाग का $\frac{1}{2}$, दूसरे भाग का $\frac{1}{4}$ और तीसरे भाग का $\frac{1}{8}$ बराबर हों। पहला भाग (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 2200
- ✗ 2. 1900
- ✓ 3. 2100
- ✗ 4. 2300

Q.37 विषमांगी मिश्रण से कोलॉइडी कणों को एकत्रित करके और तली में बैठाकर पृथक करने के लिए सामान्यत किस प्रक्रिया का उपयोग किया जाता है?

Ans
- ✗ 1. आसवन (Distillation)
- ✗ 2. निस्यंदन (Filtration)
- ✓ 3. स्कंदन (Coagulation)
- ✗ 4. वर्णलेखन (Chromatography)

Q.38 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ 1. IG - DB
- ✓ 2. HF - CB
- ✗ 3. KI - FD
- ✗ 4. VT - QO

Q.39 एक वॉशिंग मशीन की कीमत, एक TV की कीमत से 60% कम है। यदि वॉशिंग मशीन की कीमत में 34% की वृद्धि होती है और TV की कीमत में 24% की कमी होती है, तो 5 वॉशिंग मशीन और 2 TV की कुल कीमत में प्रतिशत परिवर्तन ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 8% कमी
- ✗ 2. 5% कमी
- ✓ 3. 5% वृद्धि
- ✗ 4. 8% वृद्धि

Q.40 रिया को 787 km की दूरी तय करके 19 घंटे में वाराणसी पहुंचना है। वह पहले 8 घंटे, 43 km/h की चाल से यात्रा करती है और उसके बाद अगले 123 km की दूरी 41 km/h की चाल से तय करती है। वाराणसी ठीक 19 घंटे में पहुंचने के लिए उसे शेष दूरी किस चाल से तय करनी चाहिए?

Ans
- ✓ 1. 40 km/h
- ✗ 2. 32 km/h
- ✗ 3. 44 km/h
- ✗ 4. 36 km/h

black book

Q.41 वर्षा के पश्चात इन्द्रधनुष के निर्माण के लिए मुख्य रूप से कौन-सी परिघटना उत्तरदायी है?

Ans
✗ 1. वर्षा की बूंदों द्वारा प्रकाश के केवल एक रंग का अपवर्तन
✗ 2. भूमि द्वारा सूर्य के प्रकाश का परावर्तन
✓ 3. अपवर्तन तथा आंतरिक परावर्तन के कारण जल की बूंदों द्वारा सूर्य के प्रकाश का प्रकीर्णन
✗ 4. बादलों द्वारा सूर्य के प्रकाश का पूर्ण आंतरिक परावर्तन

Q.42 फरवरी 2026 में, भारतजेन (BharatGen) को भारत की सरकार-समर्थित संप्रभु लार्ज लैंग्वेज मॉडल (Large Language Model) पहल के रूप में रेखांकित किया गया था। किस मॉडल को 22 अनुसूचित भारतीय भाषाओं में इसके पाठ आधार मॉडल के रूप में वर्णित किया गया था?

Ans
✗ 1. एआईकोष-1 (AIKosh-1)
✗ 2. ऐरावत-2 (AIRAWAT-2)
✗ 3. मेघराज-3 (MeghRaj-3)
✓ 4. परम-2 (Param-2)

Q.43 यदि किसी पादप कोशिका को ऐसे विलयन में रखा जाता है जहाँ कोशिका के बाहर विलेय की सांद्रता कोशिका के भीतर की सांद्रता से अधिक हो, तो क्या होने की संभावना है?

Ans
✗ 1. जल अंदर जाता है, जिससे कोशिका फूल जाती है
✗ 2. विलेय अंदर जाता है, जिससे कोशिका फैल जाती है
✗ 3. विलेय बाहर आता है, जिससे कोशिका संकुचित हो जाती है
✓ 4. जल बाहर आता है, जिससे कोशिका की अंतर्वस्तुएँ संकुचित हो जाती हैं

Q.44 एक निश्चित कूट भाषा में,
'mango apple grape' को 'pk rt hj' के रूप में कूटबद्ध किया गया है,
'grape banana orange' को 'cx wm rt' के रूप में कूटबद्ध किया गया है और
'orange mango guava' को 'nq hj cx' के रूप में कूटबद्ध किया गया है।
(सभी कूट केवल दो-अक्षर वाले कूट हैं)
'guava' का कूट क्या है?

Ans
✗ 1. hj
✓ 2. nq
✗ 3. cx
✗ 4. wm

Q.45 दो संपूरक कोणों में से, बड़ा कोण छोटे कोण से 58° अधिक है। छोटा कोण (डिग्री में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ 1. 61
✗ 2. 66
✗ 3. 53
✗ 4. 65

Q.46 विक्षेपण से प्राप्त वर्णों के अनुक्रम (VIBGYOR) में, क्रम _____ पर आधारित होता है।

Ans
✗ 1. घटती हुई तरंगदैर्ध्य
✗ 2. बढ़ती हुई आवृत्ति
✗ 3. यादृच्छिक पैटर्न
✓ 4. बढ़ती हुई तरंगदैर्ध्य

Q.47 जैसलमेर के निकट पाए जाने वाले समुद्री जीवाश्म निक्षेप जैसे भूवैज्ञानिक साक्ष्य यह दर्शाते हैं कि थार मरुस्थल क्षेत्र किस भूवैज्ञानिक महाकल्प के दौरान किसी समय समुद्र के नीचे डूबा हुआ था?

Ans
✗ 1. कैम्ब्रियनपूर्व महाकल्प (Precambrian era)
✓ 2. मेसोज़ोइक महाकल्प (Mesozoic era)
✗ 3. पैलियोज़ोइक महाकल्प (Palaeozoic era)
✗ 4. सीनोज़ोइक महाकल्प (Cenozoic era)

Q.48 समीपस्थ वस्तु को देखते समय, मानव नेत्र स्पष्ट दर्शन के लिए कैसे समायोजन करता है?

Ans

✗ 1. प्रतिबिंब की स्पष्टता बढ़ाने के लिए आइरिस (iris) प्रसारित होती है

✗ 2. अधिक प्रकाश को केंद्रित करने के लिए कॉर्निया चपटा हो जाता है

✗ 3. अपनी फोकस क्षमता कम करने के लिए लेंस पतला हो जाता है

✓ 4. अपनी फोकस क्षमता (focal power) बढ़ाने के लिए लेंस मोटा हो जाता है

Q.49 एक पाइप किसी टंकी को 27 मिनट में भर सकता है, जबकि एक अन्य पाइप पूर्णत: भरी हुई टंकी को 54 मिनट में खाली कर सकता है। यदि दोनों पाइपों को एक साथ खाली टंकी में खोल दिया जाए, तो टंकी का $\frac{1}{3}$ भाग भरने में कितना समय (मिनट में) लगेगा?

Ans

✗ 1. 54

✓ 2. 18

✗ 3. 72

✗ 4. 36

Q.50 R, S, T, U, G, H और I एक गोल मेज के परित: उसके मेज के केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। H, T के बाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। U के बाएं से गिनने पर T और U के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। S के दाएं से गिने जाने पर I और S के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। G, I का निकटतम पड़ोसी है। R के दाएं तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans

✓ 1. H

✗ 2. U

✗ 3. I

✗ 4. S

Q.51 सौर ऊर्जा का कौन-सा रूप, पृथ्वी पर प्रकाश संश्लेषण में सहायता करता है?

Ans

✗ 1. गामा किरणें

✗ 2. अवरक्त

✗ 3. पराबैंगनी

✓ 4. दृश्य प्रकाश

Q.52 वर्ष 2026 में अभ्यास 'दुस्तलिक (DUSTLIK)' का सातवां संस्करण भारत और किस मध्य एशियाई देश के बीच आयोजित किया गया था?

Ans

✓ 1. उज्बेकिस्तान (Uzbekistan)

✗ 2. कजाकिस्तान (Kazakhstan)

✗ 3. किर्गिस्तान (Kyrgyzstan)

✗ 4. तजाकिस्तान (Tajikistan)

Q.53 निम्नलिखित अक्षर, प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा प्रश्न का उत्तर दीजिए।
(बाएं) & Ω + λ % * W P @ K δ E & P H G N & U F @ (दाएं)
यदि श्रृंखला से सभी प्रतीकों को हटा दिया जाए, तो निम्नलिखित में से कौन-सा बाएं से पांचवां होगा?

Ans

✓ 1. P

✗ 2. E

✗ 3. K

✗ 4. W

Q.54 एक SONAR प्रणाली, जल के भीतर की किसी वस्तु की ओर पराश्रव्य स्पंद भेजती है। कौन-सी स्थिति, स्पष्ट प्रतिध्वनि के संसूचन को रोकेगी?

Ans

✗ 1. जल में ध्वनि की चाल अधिक होती है।

✗ 2. परावर्तित ध्वनि संसूचक तक वापस आ जाती है।

✗ 3. यह वस्तु जल के भीतर स्थित है।

✓ 4. यह वस्तु ध्वनि को परावर्तित करने के स्थान पर अधिकांश ध्वनि ऊर्जा को अवशोषित कर लेती है।

Q.55 किसी शंक्वाकार टेंट के आधार का व्यास 76.8 m है और इसके शीर्ष तक की ऊंचाई 11.2 m है। ऐसा टेंट लगाने के लिए आवश्यक कैनवस का क्षेत्रफल (sq. m में, दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित) कितना होगा? ($\pi = \frac{22}{7}$ लीजिए और अपने उत्तर को दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित करें।)

Ans
✗ 1. 4287.84
✓ 2. 4827.43
✗ 3. 3017.16
✗ 4. 3710.01

Q.56 यदि $\sin\theta = \frac{3}{5}$ है और θ एक न्यून कोण है तो $\cos\theta$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. $\frac{3}{4}$
✗ 2. $\frac{1}{2}$
✓ 3. $\frac{4}{5}$
✗ 4. $\frac{5}{3}$

Q.57 एक निश्चित कूट भाषा में,
'A ^ B' का अर्थ है कि 'A, B का पिता है',
'A ≠ B' का अर्थ है कि 'A, B की माता है',
'A ≥ B' का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' और
'A @ B' का अर्थ है कि 'A, B का भाई है'।
उपरोक्त के आधार पर, यदि 'P ≥ Q ^ V ≠ W @ X' है, तो P का X से क्या संबंध है?

Ans
✗ 1. बहन
✗ 2. बहन की पुत्री
✓ 3. माता की माता
✗ 4. पुत्री

Q.58 मान लीजिए कि एक विद्यार्थी का अंतिम ग्रेड, सत्रीय कार्य – 10%, मध्य-अवधि की परीक्षाएँ – 15%, और अंतिम परीक्षाएँ – 75% के भार के आधार पर निर्धारित किया जाता है। विद्यार्थी ने सत्रीय कार्य में 85, मध्य-अवधि परीक्षा में 78 और अंतिम परीक्षा में 92 अंक प्राप्त किए। विद्यार्थी का अंतिम ग्रेड ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 91.25
✗ 2. 69
✓ 3. 89.2
✗ 4. 78.5

Q.59 एक गोलीय दर्पण के लिए एक किरण आरेख बनाते समय, एक विद्यार्थी सबसे पहले ध्रुव और वक्रता केंद्र से गुजरने वाली रेखा खींचता है। इस रेखा को क्या कहते हैं?

Ans
✗ 1. फोकस समतल
✗ 2. आपतित किरण
✓ 3. मुख्य अक्ष
✗ 4. अभिलंब

Q.60 वर्ष 1991 की नई औद्योगिक नीति का मुख्य उद्देश्य _____ था।

Ans
✓ 1. औद्योगिक लाइसेंसीकरण व्यवस्था को उदारीकृत करना
✗ 2. प्रमुख उद्योगों का राष्ट्रीयकरण करना
✗ 3. सभी उद्योगों को प्रत्यक्ष सहायकी प्रदान करना
✗ 4. आयात प्रशुल्क में वृद्धि करना

blackbook

Q.61 एलेक्स बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और पश्चिम की ओर 15 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएँ मुड़ता है और 17 km ड्राइव करता है। अंत में वह दाएँ मुड़ता है और 6 km ड्राइव करके बिंदु B पर रुक जाता है। एरिक बिंदु P, जो बिंदु A के 14 km पूर्व में है, से ड्राइव करना शुरू करता है, और पश्चिम की ओर 8 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएँ मुड़ता है और 17 km ड्राइव करता है। अंत में वह दाएँ मुड़ता है और 15 km ड्राइव करके बिंदु Q पर रुक जाता है। बिंदु Q और बिंदु B के बीच की न्यूनतम दूरी क्या है? (सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
- ✔ 1. 12 km
- ✘ 2. 11 km
- ✘ 3. 13 km
- ✘ 4. 14 km

Q.62 पुष्पी पादपों में निषेचन के पश्चात बीजांड किसमें परिवर्तित हो जाते हैं?

Ans
- ✘ 1. फल (Fruit)
- ✘ 2. परागकण (Pollen)
- ✘ 3. युग्मनज (Zygote)
- ✔ 4. बीज (Seeds)

Q.63 उदारवादियों (Moderates) द्वारा अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए मुख्य रूप से निम्नलिखित में से किस विधि का उपयोग किया गया था?

Ans
- ✔ 1. याचिका, प्रार्थना और ज्ञापन
- ✘ 2. हिंसक क्रांति
- ✘ 3. सविनय अवज्ञा
- ✘ 4. सरकार के साथ असहयोग

Q.64 यह प्रश्न निम्नलिखित शब्दों पर आधारित है।
(बाएं) KID NAP SOB LOP (दाएं)
दाएं से दूसरे शब्द के पहले अक्षर और बाएं से पहले शब्द के दूसरे अक्षर के बीच अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में कितने अक्षर हैं?

Ans
- ✘ 1. 8
- ✔ 2. 9
- ✘ 3. 10
- ✘ 4. 12

Q.65 एक निश्चित धनराशि को साधारण ब्याज पर निवेश करने पर यह 2 वर्ष में ₹1,750 और 4 वर्ष में ₹2,500 हो जाती है। वार्षिक ब्याज दर (% में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ 1. 62.5
- ✔ 2. 37.5
- ✘ 3. 25
- ✘ 4. 50

Q.66 छह दोस्त, D, E, F, W, X और Z, एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है और इसी तरह, सबसे ऊपरी तल का क्रमांक 6 है।
D के ऊपर कोई नहीं रहता। D और Z के बीच केवल दो लोग रहते हैं। E और X के बीच केवल दो लोग रहते हैं। X, Z के नीचे लेकिन F के ऊपर रहता है।
W के नीचे कितने लोग रहते हैं?

Ans
- ✘ 1. दो
- ✘ 2. एक
- ✔ 3. तीन
- ✘ 4. चार

Q.67 पुष्पी पादपों के प्रजनन में पराग नलिका का क्या कार्य है?

Ans
- ✔ 1. यह नर युग्मक को बीजांड तक पहुंचाती है
- ✘ 2. यह बीजों को पौधे से दूर प्रकीर्णित करती है
- ✘ 3. यह बीजांडों के चारों ओर फल का निर्माण करती है
- ✘ 4. यह भ्रूण को पोषण प्रदान करती है

black

Q.68 एक दुकानदार दावा करता है कि वह ₹10 प्रति kg की दर से सेंधा नमक बेचता है, जबकि वह उसे ₹10 प्रति kg की लागत पर खरीदता है। परंतु, 957 g नमक देने के स्थान पर, वह केवल 638 g ही नमक देता है। उसका प्रतिशत लाभ ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 51%
- ✓ 2. 50%
- ✗ 3. 48%
- ✗ 4. 47%

Q.69 दिया गया है कि:

$x + y + z = 7$

$x - y + z = 5$

$x + y - z = 3$

उपरोक्त के आधार पर $x + 2y + 3z$ का मान ज्ञात कीजिए?

Ans
- ✗ 1. 13
- ✓ 2. 12
- ✗ 3. 14
- ✗ 4. 11

Q.70 एक घनाभ की लंबाई और चौड़ाई में क्रमशः 50% और 20% की वृद्धि की जाती है। यदि इसकी ऊँचाई में 30% की कमी की जाए, तो घनाभ के आयतन में कितने प्रतिशत की वृद्धि होगी?

Ans
- ✗ 1. 40%
- ✗ 2. 36%
- ✗ 3. 30%
- ✓ 4. 26%

Q.71 विराट, ₹24,375 की धनराशि को 8% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज दर पर 1 वर्ष के लिए निवेश करता है, जबकि ब्याज अर्धवार्षिक रूप से संयोजित होता है। उसको प्राप्त मिश्रधन ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. ₹26,519
- ✗ 2. ₹26,014
- ✓ 3. ₹26,364
- ✗ 4. ₹25,628

Q.72 कौशल 80 km/h की चाल से 15 घंटे और 6 मिनट यात्रा करता है। उसी दूरी को 8 घंटे में तय करने के लिए उसे किस चाल (km/h में) से यात्रा करनी चाहिए?

Ans
- ✗ 1. 150
- ✗ 2. 152
- ✗ 3. 149
- ✓ 4. 151

Q.73 अंग्रेज़ी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से MJHE का संबंध GDBY से है। ठीक इसी तरह, GDBY का संबंध AXVS से है। इसी तर्क का अनुसरण करते हुए निम्नलिखित में से YVTQ का संबंध किससे है?

Ans
- ✗ 1. SOMK
- ✗ 2. SQMT
- ✗ 3. SPMK
- ✓ 4. SPNK

Q.74 एक विनिर्माता अपना विक्रय मूल्य, उत्पादन लागत से 5% अधिक निर्धारित करता है। यदि उत्पादन लागत 60% बढ़ जाती है और विनिर्माता अपने विक्रय मूल्य में 60% की वृद्धि कर देता है, तो लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 3%
- ✗ 2. 6%
- ✗ 3. 4%
- ✓ 4. 5%

Black book

Q.75 मक्का (maize) जैसे वायु-परागित पादपों के वर्तिकाग्र सामान्यतः लंबे और पंख जैसे क्यों होते हैं?

Ans

✗ 1. कीट परागणकारियों को सफलतापूर्वक आकर्षित करने के लिए

✗ 2. दूर-दूर तक बीजों के प्रकीर्णन को बेहतर बनाने के लिए

✓ 3. वायु में उपस्थित परागकणों को प्रभावी ढंग से पाशित करने के लिए

✗ 4. परागकणों को पर्यावरणीय कारकों से बचाने के लिए

Q.76 एक शिक्षक विद्यार्थियों से निम्नलिखित समीकरण को संतुलित करने के लिए कहता है:
$Na + H_2O \rightarrow NaOH + H_2$
दिए गए विकल्पों में से किस संतुलित रूप में प्रत्येक तत्व के लिए परमाणुओं की संख्या समान होगी?

Ans

✗ 1. $2Na, 2H_2O, 1NaOH, 2H_2$

✗ 2. $1Na, 1H_2O, 1NaOH, 1H_2$

✓ 3. $2Na, 2H_2O, 2NaOH, 1H_2$

✗ 4. $2Na, 1H_2O, 2NaOH, 2H_2$

Q.77 निम्नलिखित में से कौन-सी योजना, पूरे भारत के भूमिधारक कृषक परिवारों को कुछ अपवाद मानदंडों के अधीन, कृषि, संबद्ध गतिविधियों और घरेलू आवश्यकताओं से संबंधित खर्चों को पूरा करने में सक्षम बनाने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है?

Ans

✓ 1. प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि

✗ 2. प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना

✗ 3. परंपरागत कृषि विकास योजना

✗ 4. प्रधानमंत्री किसान मान धन योजना

Q.78 निम्नलिखित में से कौन-सा रासायनिक सूत्र, दो ऐलुमिनियम परमाणुओं, तीन सल्फर परमाणुओं और बारह ऑक्सीजन परमाणुओं वाले यौगिक को सही तरीके से निरूपित करता है?

Ans

✗ 1. $Al(SO_4)_2$

✗ 2. $Al_3(SO_4)_2$

✓ 3. $Al_2(SO_4)_3$

✗ 4. Al_2SO_4

Q.79 किसी संख्या के 40% को 240 में जोड़ने पर परिणाम के रूप में वही संख्या प्राप्त होती है। उसी संख्या का 30% ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ 1. 160

✓ 2. 120

✗ 3. 140

✗ 4. 100

Q.80 रदरफोर्ड के निष्कर्ष के अनुसार परमाणु का धनावेश और द्रव्यमान कहाँ केंद्रित होते हैं?

Ans

✓ 1. नाभिक में

✗ 2. इलेक्ट्रॉन अभ्र में

✗ 3. बाह्य कक्षा में

✗ 4. रिक्त स्थान में

Q.81 केंद्रीय बजट 2026–27 में, अगले दशक में भारत के खेल क्षेत्र में बदलाव लाने के लिए किस मिशन की घोषणा की गई थी?

Ans

✗ 1. फिट इंडिया मिशन

✓ 2. खेलो इंडिया मिशन

✗ 3. खेल उत्कृष्टता मिशन

✗ 4. ओलंपिक इंडिया मिशन

black book

Q.82 शब्द CYCLICALITY के प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला के क्रम में उसके बाद वाले दूसरे अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला के क्रम में उससे पहले वाले दूसरे अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने अक्षरों के समूह में, निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर, दो से अधिक बार आएगा?

Ans
✗ 1. W
✗ 2. K
✓ 3. A
✗ 4. J

Q.83 M, N, O, X, Y और Z एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे नीचे वाले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है और इसी प्रकार सबसे ऊपर वाले तल का क्रमांक 6 है।
N, एक सम क्रमांक वाले तल पर रहता है लेकिन तल क्रमांक 4 पर नहीं रहता है। N और M के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। X, विषम क्रमांक वाले तल पर रहता है लेकिन सबसे नीचे वाले तल पर नहीं रहता है। X और O के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। Y, X के ठीक नीचे वाले तल पर रहता है।
Z और Y के बीच कितने व्यक्ति रहते हैं?

Ans
✗ 1. चार
✓ 2. दो
✗ 3. तीन
✗ 4. एक

Q.84 एक व्यवसाय 10 समान किस्तों में चक्रवृद्धि ब्याज ऋण का भुगतान करता है। यदि भुगतान की गई कुल राशि ₹1,05,000 है, तो प्रत्येक किस्त की राशि ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. ₹11,000
✓ 2. ₹10,500
✗ 3. ₹12,000
✗ 4. ₹9,500

Q.85 किसी निश्चित तर्क के अनुसार 14 का संबंध 210 से है। उसी तर्क के अनुसार, 18 का संबंध 270 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 25 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए, 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

Ans
✗ 1. 380
✗ 2. 385
✗ 3. 370
✓ 4. 375

Q.86 A इकाई भुजा वाले एक सम षट्भुज और B इकाई भुजा वाले एक सम अष्टभुज के क्षेत्रफल समान है। B इकाई भुजा वाले एक सम षट्भुज और A इकाई भुजा वाले एक सम अष्टभुज के क्षेत्रफल का अनुपात क्या होगा?

Ans
✗ 1. $27 : 8(2 + 3\sqrt{3})$
✗ 2. $27 : 16(2 + 3\sqrt{3})$
✓ 3. $27 : 16(3 + 2\sqrt{2})$
✗ 4. $27 : 8(5 + 5\sqrt{5})$

Q.87 निम्नलिखित में से कौन, नीले लिटमस पत्र को लाल कर देगा?
a) हाइड्रोजन क्लोराइड गैस
b) हाइड्रोक्लोरिक अम्ल
c) सोडियम हाइड्रॉक्साइड विलयन

Ans
✗ 1. केवल (a) और (b)
✓ 2. केवल (b)
✗ 3. केवल (b) और (c)
✗ 4. केवल (c) और (a)

Black

Q.88 ₹3,000 अंकित मूल्य वाले जूतों की जोड़ी पर 10% और 15% की दो क्रमिक छूट प्रदान की जाती हैं। जूतों का अंतिम विक्रय मूल्य ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ 1. ₹2,100

✗ 2. ₹2,250

✓ 3. ₹2,295

✗ 4. ₹2,550

Q.89 BEAUTIFUL शब्द के प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है, और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने अक्षरों के समूह में, निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर ठीक दो बार आएगा?

Ans

✗ 1. J

✗ 2. E

✓ 3. V

✗ 4. S

Q.90 किसी वस्तु के दूरी-समय ग्राफ का अवलोकन करके आप एकसमान गति तथा असमान गति में किस प्रकार भेद करेंगे?

Ans

✗ 1. एक वक्र रेखा एकसमान गति को दर्शाती है, जबकि एक सरल रेखा असमान गति को दर्शाती है।

✓ 2. एक सरल रेखा एकसमान गति को दर्शाती है, जबकि एक वक्र रेखा सामान्यतः असमान गति को दर्शाती है।

✗ 3. एकसमान और असमान दोनों ही गतियां सदैव सरल रेखाएं बनाती हैं।

✗ 4. एक क्षैतिज रेखा, एकसमान और असमान दोनों प्रकार की गति को दर्शाती है।

Q.91 इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद (I) और (II) से क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि कथनों में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़िए और उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए।

प्रश्न:
5 छड़ियों L, H, O, A और F, में से प्रत्येक की लंबाई अलग-अलग है, तो कौन-सी छड़ी सबसे छोटी है?

कथन:
(I) F, A से लंबी है।
(II) केवल एक छड़ी L से छोटी है। L, A से छोटी है लेकिन H से लंबी है।

Ans

✓ 1. कथन II में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दिया गया डेटा पर्याप्त नहीं है।

✗ 2. कथन I और II दोनों में दिया गया डेटा एक साथ प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।

✗ 3. कथन I में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दिया गया डेटा पर्याप्त नहीं है।

✗ 4. कथन I और II दोनों में दिया गया डेटा एक साथ (न तो अकेले कथन I या न अकेले कथन II) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है।

Q.92 एक विद्यार्थी 15 cm फोकस दूरी के किसी अवतल दर्पण के सामने 30 cm की दूरी पर 2 cm ऊंचाई का एक बिंब रखता है। यदि जिस ओर बिंब है उसी ओर प्रतिबिंब बनता है, तो दर्पण द्वारा उत्पन्न आवर्धन क्या होगा?

Ans

✗ 1. आवर्धन -2 होगा, जो बिंब के आकार से दोगुने आकार के उल्टे प्रतिबिंब को इंगित करता है।

✗ 2. आवर्धन 2 होगा, जो बिंब के आकार से दोगुने आकार का आभासी प्रतिबिंब उत्पन्न करता है।

✗ 3. आवर्धन 0.5 होगा, जो एक छोटे वास्तविक प्रतिबिंब को इंगित करता है।

✓ 4. आवर्धन -1 होगा, जो बिंब के समान आकार के उल्टे प्रतिबिंब को इंगित करता है।

Q.93 उस युग्म का चयन कीजिए, जो नीचे दिए गए दो युग्मों में अनुसरण किए गए पैटर्न के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

KCK : HEG
OIP : LKL

Ans

✗ 1. TLL : QNG

✗ 2. IFM : FII

✗ 3. SLN : PNK

✓ 4. RBQ : ODM

black

Q.94 निम्नलिखित में से कौन-सा अनुक्रम धमनियों, केशिकाओं और शिराओं के माध्यम से रक्त के पथ को सही प्रकार से निरूपित करता है?

Ans

✗ 1. हृदय → शिरा → धमनियां → केशिकाएं → हृदय

✗ 2. हृदय → केशिकाएं → धमनियां → शिरा → हृदय

✓ 3. हृदय → धमनियां → केशिकाएं → शिरा → हृदय

✗ 4. हृदय → शिरा → केशिकाएं → धमनियां → हृदय

Q.95 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सर्वोत्तम रूप से यह वर्णन करता है, कि तापमान बढ़ने पर जल में ठोस विलेय की विलेयता किस प्रकार परिवर्तित होती है?

Ans

✓ 1. अधिकांश ठोस विलेय की विलेयता, तापमान बढ़ने पर बढ़ जाती है।

✗ 2. अधिकांश ठोस विलेय की विलेयता, तापमान बढ़ने पर घट जाती है।

✗ 3. अधिकांश ठोस विलेय की विलेयता, तापमान के साथ पहले बढ़ती है और फिर घटती है।

✗ 4. अधिकांश ठोस विलेय की विलेयता, तापमान में परिवर्तन के साथ अपरिवर्तित रहती है।

Q.96 धातुएं सामान्यतः ऊष्मा और विद्युत की सुचालक क्यों होती हैं?

Ans

✗ 1. धातुओं का उच्च गलनांक

✗ 2. धातु परमाणुओं का उच्च घनत्व

✗ 3. धातुओं में प्रबल आयनिक आबंधन

✓ 4. संरचना में मुक्त इलेक्ट्रॉनों की उपस्थिति

Q.97 टप्पा (Tappa), जो शास्त्रीय गायन की एक शैली है, निम्नलिखित में से किसके लिए जानी जाती है?

Ans

✗ 1. समवेत-गायन गान प्रस्तुति (Choral group performance)

✗ 2. मंद भक्तिपूर्ण अभिव्यक्ति (Slow devotional expression)

✓ 3. तीव्र रागात्मक अलंकार (Rapid melodic ornamentation)

✗ 4. लंबी आख्यानात्मक रचनाएं (Long narrative compositions)

Q.98 केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) द्वारा विकसित वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) के अनुसार, AQI मान की गणना के लिए कितने वायु प्रदूषकों पर विचार किया जाता है?

Ans

✓ 1. आठ प्रदूषक

✗ 2. नौ प्रदूषक

✗ 3. छह प्रदूषक

✗ 4. सात प्रदूषक

Q.99 आयनिक यौगिक, गलित अवस्था में विद्युत का चालन क्यों करते हैं, जबकि ठोस अवस्था में ऐसा नहीं करते हैं?

Ans

✗ 1. क्योंकि गलित अवस्था में अणु विघटित हो जाते हैं

✓ 2. क्योंकि गलित अवस्था में आयन स्वतंत्र रूप से गति कर सकते हैं

✗ 3. क्योंकि गलित अवस्था में परमाणु पुनर्व्यवस्थित हो जाते हैं

✗ 4. क्योंकि गलित अवस्था में इलेक्ट्रॉन स्वतंत्र रूप से गति करते हैं

Q.100 1760 में वांडीवाश का युद्ध (Battle of Wandiwash), भारत में किस यूरोपीय शक्ति की राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं को समाप्त करने में निर्णायक रहा?

Ans

✗ 1. डच (Dutch)

✗ 2. स्पेनिश (Spanish)

✗ 3. पुर्तगाली (Portuguese)

✓ 4. फ्रांसीसी (French)

Black book